612वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 15 दिसम्बर 2022

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त परियोजनाओ के तकनीकी परीक्षण हेतु राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की 612वीं बैठक दिनांक 15/12/2022 को डॉ. पी.सी. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्य स्वयं/वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें :–

1. श्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सदस्य ।
2. प्रो. (डॉ.) रूबीना चौधरी, सदस्य ।
3. डॉ. ए.के. शर्मा, सदस्य ।
4. प्रो. अनिल प्रकाश, सदस्य ।
5. प्रो. (डॉ.) आलोक मित्तल, सदस्य ।
6. डॉ. जय प्रकाश शुक्ला, सदस्य ।
7. डॉ. रवि बिहारी श्रीवास्तव, सदस्य ।
8. श्री चन्द्र मोहन ठाकुर, सदस्य सचिव ।

सभी सदस्यों द्वारा अक्ष्यक्ष महोदय के स्वागत के साथ बैठक प्रारंभ करते हुए बैठक के निर्धारित एजेण्डा अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रोजेक्ट्सों का तकनीकी परीक्षण निम्नानुसार किया गया :–

1. <u>Case No. – 6663/2019 Smt. Kalpana Jain, Lease Owner, Malviya Ganj, Dist. Katni, MP Prior Environment Clearance for Dolomite Mine in an area of 3.92 ha. (20,170 tonne per annum) (Khasra No. 402, 412, 413), Village - Salaiya, Tehsil - Barwara, Dist. Katni, (MP).</u>

This is case of Dolomite Mine. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site at Khasra No. 402, 412, 413, Village - Salaiya, Tehsil - Barwara, Dist. Katni, (MP) 3.92 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 466वीं दिनांक 26/11/2020 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्रीमती कल्पना जैन (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ. प्र. उपस्थित हुए । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि कच्चा रोड़ खदान के पूर्वी दिशा में आवंटित खनन् क्षेत्र से लगा हुआ तथा उत्तर दिशा में 45 मीटर की दूरी पर कच्चा रोड़ निकल रहा है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह कच्चा रोड़ उनके व आसपास के क्षेत्र में कार्यरत अन्य खदानों का पहुंच मार्ग है तथा उनके द्वारा प्रस्तुतीकरण में पूर्व दिशा में अतिरिक्त 10 मीटर का सेटबैक (0.11 हे.) छोड़ा गया है । आवंटित खनन् क्षेत्र में 10 पेड़ लगे है, जिसमें से 01 पेड़ काटा जायेंगा तथा

उनके एवज् में 10 अतिरिक्त पेड़ लगाये जायेंगे । वन मण्डलाधिकारी, कटनी के पत्र क्रमांक 5776 दिनांक 16/08/18 अनुसार आवेदित क्षेत्र से नजदीकी वनकक्ष क्रमांक आर.एफ. 465 से लगभग 150 मीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा में स्थित है, अतः आपत्ति योग्य है, जिसके संदर्भ में कमिश्नर की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 01/09/18 के द्वारा पूर्ण अनापत्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–18 के सरल क्रमांक–40 पर दर्ज है किंतु सेक के रिकार्ड अनुसार इस नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन हेतु अनुशंसा नहीं की गई है समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि राज्य स्तरीय स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकारण मध्यप्रदेश की 739वीं बैठक दिनांक 29/07/22 (प्रकरण में 9261/2022 – जारी पत्र क्रमांक 1306 दिनांक 04/08/22) में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में इस प्रकरण को भी पर्यावरणीय संवेदनशीलता के दृष्टिगत परीक्षण कर पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु सिया को अनुशंसित किया जाये । परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा बरहा टोला गॉव में पेयजल की समस्या के निदान हेतु हेंड पम्प की मॉग, धूल की समस्या, फेंसिंग, रोड़ मरम्मत एवं वृक्षारोपण हेतु सुझाव/प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि डोलोमाइट खनन् हेतु सामान्यतः ब्लास्टिंग का उपयोग नहीं किया जाता किंतु कभी–कभार हीविंग की स्थिति में ब्लस्टिंग की जाती है । अधिकतर उत्पादन रॉक ब्रेकर के द्वारा किया जाता है । खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा तथा खनन् के पश्चात् जो पिट बनेगा, उसको वॉटरबाडी के रूप में विकसित किया जायेगा, जिससे आसपास के क्षेत्र के भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने परियोजना प्रस्तावक को बताया कि वन क्षेत्र पास में होने के कारण खनन् क्षेत्र के चारों ओर गेमप्रूफ फेंसिंग कराई जाये तथा 10 वर्ष पश्चात् खनन् की गहराई को ध्यान में रखते हुए गेमप्रूफ फेंसिंग के साथ–साथ ऐसी व्यवस्था की जाये, जिससे कि खनन् हेतु खोदे गये पिट में कोई जन/पशु हानि न हो । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता डोलोमाईट – 20,170 टन प्रति वर्ष।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 13.62 लाख एवं रिकरिंग राशि रू. 07.66 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 02.00 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रु.में)
ग्राम सलैया के सरकारी स्कूल में 01 कम्पयूटर का वितरण किया जायेगा।	45,000/–
सलैया गावं में मौखिक स्वच्छता, मधुमेह और रक्तचाप के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन और प्रमाणित डॉक्टरों की देखरेख में कुछ बुनियादी दवांए वितरण कि जायेगी। सलैया गावं में दवाईयों का वितरण और पशुओं के स्वास्थ्य के लिये टीकाकरण शिविर का आयोजन कराया जायेगा।	30,000/–

ग्राम सलैया में पेयजल के लिए एक सबमर्सिबल व हैंड पंप की स्थापना कराई जायेगी।	95,000/–
उज्जवला योजना के तहत खदान के श्रमिकों को सोलर कुकर/एलपीजी गैस सिलेंडर की व्यावस्था कराई जायेगी।	30,000/–
परियोजना क्षेत्र के चारों ओर गेम प्रूफ फेंसिंग की व्यावस्था कराई जायेगी।	पहले से ही EMP में कवर किया गया है।
ग्राम सलैया के पास सड़क का रखरखाव कराया जायेगा।	पहले से ही EMP में कवर किया गया है।
योग	2,00,000/–

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4720 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	सिस्सू, पीपल, नीम, कास्टर, खमेर, चिरौल, बबूल, और अन्य उपलब्ध स्थानीय प्रजातियाँ।	2500
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊँचाई 01 मीटर)	बरगद, चिरौल, नीम, पीपल, करंज और अन्य स्थानीय निवासियों द्वारा सुझाई गई प्रजातियां।	800
3	ग्राम सलैया के प्राथमिक विद्यालय में	अमलतास, सीताअशोक, नीम, कचनार, पुत्रजीवा, मौलश्री और अन्य सजावटी पौधों इत्यादि।	20
4	ग्राम सलैया के ग्रामवासीयों वितरण हेतु	अमरूद, बेर, जामुन, आंवला, आम,, मूनगा, और अन्य फलदार पौधों की प्रजातियॉ और औषधीय पेड़ हर्रा, बहेड़ा, इत्यादि।	1400
		कुल	4720

2. <u>Case No 8931/2022 Smt. Kamini Yadav, J-1035, Darpan Colony, Near Panchshila Temple, Thatipur Grid, Dist. Gwalior, MP - 474011 Prior Environment Clearance for Murrum Quarry in an area of 4.0 ha. (20000 cum per annum) (Khasra No. 1605), Village - Kulholi, Tehsil - Sabalgarh, Dist. Morena (MP) EIA Consultant: M/s. Aseries Envirotek India Pvt. Ltd. Noida U.P.</u>

This is case of Murrum Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 1605), Village - Kulholi, Tehsil - Sabalgarh, Dist. Morena (MP) 4.0 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

612वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 15 दिसम्बर 2022

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 548वीं दिनांक 10/02/2022 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्रीमती कामनी यादव (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ. प्र. उपस्थित हुए । प्रस्तुतीकरण के दौरान यह पाया गया कि आवंटित खदान पहाड़ी क्षेत्र में आवंटित है, दक्षिण–पश्चिम दिशा में 260 मीटर पर कच्चा रोड़, उत्तर–पश्चिम दिशा में 350 मीटर तथा पूर्व दशिा में 370 से 390 मीटर पर आबादी है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह प्रकरण मुरूम उत्खनन का है, जिसमें ब्लास्टिंग प्रस्तावित नहीं है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–10 के सरल क्रमांक–04 पर दर्ज है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा पानी का छिड़काव एवं वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु ब्लास्टिंग नहीं की जावेगी तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता मुरूम – 20,000 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 12.62 लाख एवं रिक्ररिंग राशि रू. 06.49 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.70 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रु.में)
ग्राम इतवा के प्राथमिक विद्यालय में 01 सोलर लाईट (30 वॉट) की स्थापना कराई जायेगी।	25,000/–
ग्रामीणों के लिए वर्ष में दो बार स्वास्थ्य शिविरों की जांच मौखिक स्वच्छता, मधुमेह और रक्तचाप के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन एवं पशुओं का टीकाकरण, व स्वास्थ्य की जांच कि जायेगी। और वृक्षारोपण फल एवं चारा देने वाले वृक्षों का वितरण किया जायेगा।	15,000/–
ग्राम इतवा के प्राथमिक विद्यालय के 78 बच्चों में पीटी शूज और मोजे का वितरण किया जायेगा।	30,000/–
योग	**70,000/–**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4800 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	सिस्सू , कस्टार आंवला, नीम, बबूल, चिरौल, सिस्सू, बरगद, खमेर, इत्यादि।	1000
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	शीशम, नीम, बबूल, खमेर, इत्यादि।	450
3	शासकीय विद्यालय वितरण हेतु	कदम्ब, अमलतास, आंवला, करंज, पुत्रंजीवा, नीम, इत्यादि।	**50**
4	ग्राम कुलहोली, मुरवाई और इतवा के ग्रामवासीयों में फलदार वृक्षों का वितरण किया जायेगा।	मुनगा, आंवला, आम, कटहल, जामुन इत्यादि।	**3300**
		कुल	4800

3. <u>Case No 8852/2021 M/s Shrikrishandas Tikaram, Partner and Owner, Shri Ashwani Gautam, B-6 New ACC Colony, Katni MP Prior Environment Clearance for Bauxite and Fire Clay Quarry in an area of 1.04 ha. (14980 Cum per annum) (Khasra No. 1193, 1194, 1195), Village - Naikin, Tehsil - Rampur Naikin, Dist. Sidhi (MP) EIA Consultant: M/s. Creative Enviro Services , Bhopal.</u>

This is case of Fire Clay Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site at (Khasra No. 1193, 1194, 1195), Village - Naikin, Tehsil - Rampur Naikin, Dist. Sidhi (MP). 1.04 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 536 वीं दिनांक 17/12/2021 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री ए.एस. चौहान, अधिकृत प्रतिनिधि और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश मिश्रा, मेसर्स क्रिएटिव इन्वायरो सर्विसेस, भोपाल उपस्थित हुए। प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि खदान पूर्व से खुदी हुई हैं, जिसमें पानी भरा है, जिसके संदर्भ में परियेाजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान में 2014 तक (2001 से 2014 तक 22,689 टन खनिज का खनन्) खनन् कार्य किया गया है एवं उसके पश्चात् से खनन् पर्यावरणीय अभिस्वीकृति न होने के कारण बंद है तथा । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आंवटित क्षेत्र के पूर्व दिशा में पानी भरा है, जिसमें संबंध में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि लगभग 03 मीटर तक पानी भरा है, जिसे उत्तर दिशा में बनाये गये सेटलिंग टैंक में संग्रहित किया जायेगा तथा खनन् कार्य के दौरान जल छिड़काव

एवं वृक्षारोपण कार्य में उपयोग में लाया जायेगा । आवंटित खनन् क्षेत्र के पूर्व दिशा में 100 मीटर तथा पश्चिम दिशा 300 मीटर पर आबादी तथा दक्षिण दिशा में 50 मीटर पर एक मकान है, जिसके संदर्भ में परियेाजना प्रस्तावक ने बताया कि यह मकान उनका स्वयं का है, जो साइट आफिस एवं वर्कर के रेस्ट शेल्टर के रूप में खनन् के दौरान उपयोग में लाया जायेगा । आवंटित खनन् क्षेत्र से होकर एक कच्चा रोड़ निकल रहा है, जिसके संदर्भ में परियेाजना प्रस्तावक ने बताया कि यह उनके आवंटित खनन् क्षेत्र तक पहुॅच मार्ग है । प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस प्रकरण में खनन् मैन्युअली किया जायेगा तथा ब्लास्टिंग प्रस्तावित नहीं है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा पेयजल की समस्या–नलकूप लगाने हेतु सुझाव, स्वास्थ्य शिविर, रोड़ मरम्मत एवं वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम. पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु ब्लास्टिंग नही की जावेगी तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता बॉक्साईट एवं फायर क्ले – 14,980 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 16.52 लाख एवं रिक्ररिंग राशि रू. 09.23 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 04.60 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

Commitment towards public hearing Issue in terms of Physical Target		
SN	**Issues**	**Cost in Rs lakhs**
1	Two handpump at Aganwadi center and School	3.00
2	Free health camp for villagers in once in a year	0.50
3	Maintenance of Road (70m length)	0.10
4	Donation in terms article to School/Aganwadi of village Naikin as per requirement (one time)	1.00
	Total	**4.60**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2120 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

Phase	**Location**	**Name of Tree/ shrub/Herbs**	**No. of Plants**
1st year	Along with barrier zone (421m)	Neem, White Kastar, Babul, Chirol, Khamar, Slips of Agaive Americana Gattayon and seeds of Subabul and other local species etc. Row To Row Distance : 2.5 mtr Plant To Plant Distance 3 mtrs	500

3rd year to 7th year	Backfilled area	Neem, White Kastar, Babul, Chirol, Katang Bans, Khamar and other local species etc.Row To Row Distance : 2.5 mtr Plant To Plant Distance 3 mtrs	700
		Total	**1200**
1st Year	Along the road	Neem, Kadam, Aam, Munga	**20**
1st year	For distribution of villagers	Neem, Jamun, Jam, Anwla, Aam, Munga	**1000**
		Total	**2120**

4. <u>Case No 8650/2021 Shri Sunil Kumar Singh S/o Shri Rampal Singh, Village - Pachkhora, Post - Waidhan, Dist. Singrauli, MP Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 1.680 ha. (27094 cum per annum) (Khasra No. 1169/1, 1180, 1186, 1187), Village - Makrohar, Tehsil - Mada, Dist. Singrauli (MP)</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 1169/1, 1180, 1186, 1187), Village - Makrohar, Tehsil - Mada, Dist. Singrauli (MP) 1.680 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 533वीं दिनांक 14/12/2021 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री सुनील कुमार सिंह (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश मिश्रा, मेसर्स क्रिएटिव इन्वायरो सर्विसेस, भोपाल उपस्थित हुए। प्रस्तुतीकरण के समय परियोजना प्रस्तावक ने बताया था कि खनन् हेतु रॉक ब्रेकर का उपयोग किया जायेगा एवं तत्संबंधी वचन–पत्र प्रस्तुतीकरण में दिया गया है । प्रस्तुतीकरण के समय परियोजना प्रस्तावक ने बताया था कि आवंटित खनन् क्षेत्र का वह भाग जहॉ अधिक पेड़ लगे है, नॉन माईनिंग जोन घोषित किया गया है तथा पुनरीक्षित सरफेस मेप प्रस्तुतीकरण में संलग्न है । खनन् के दौरान कुल 20 पेड़ काटे जायेंगे, जिनकी इंवेंट्री दी गई हैं तथा इनके एवज् में 200 अतिरिक्त पेड़ लगाये जायेंगे । परियोजना प्रस्तावक ने बताया गया कि उनके द्वारा आंवटित खनन् क्षेत्र में 150 पौधें दिनांक 15/08/22 को लगाये गये हैं तथा 350 पौधें दिनांक 16/08/22 को ग्राम वासियों में वितरित किए गए हैं तथा इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के बिंदु क्रमांक 63 के सरल क्रमांक–78 पर दर्ज है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा पानी का छिड़काव एवं वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव/सुझाव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु ब्लास्टिंग नहीं की जावेगी एवं खनन् रॉक ब्रेकर मे माध्यम से किया जावेगा तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत

की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता स्टोन – 27,094 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 25.58 लाख एवं रिक्ररिंग राशि रू. 13.24 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 01.24 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

Commitment towards public hearing Issue in terms of Physical Target		
SN	**Issues**	**Cost in Rs Lakh**
Adaptation of Aganwadi	Adaptation of Anganwadi for 1yr for supply of food and milk Makrohar	1.00
Distribution of Plant in village	350no. of trees have already been distribute to villagers on 16.08.2022 and another 1650no, of trees will be distribute to villagers	0.24
Total		**1.24**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4120 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

Phase	**Location**	**Name of Tree**	**No. of Plants**
1st year	In barrier zone (830m)	Neem, Anola, Bel, Karanj, Khamer, Sissoo, and other local species	850 +150 (alreadyplanted)
3rd to CP	Backfilled area	Neem, Anola, Bel, Karanj, Khamer, Sissoo and other local species	800
1st year to 2nd year	Along the transport route (400m) 2.5m distance with 1m height	Arjun, Khamar, Neem, Gular, Kadamb, Sisoo, Karanj, Pipal and other local species	320
1st year	For village distribution	Neem, Mango, Guava, Awala, Bel, Munga, Mahua and other local species	1650+350 (already distributed on 16.08.2022)

5. <u>Case No 9432/2022 Shri Shabbir Pakawala, Leasee R/o 16, Rambaag, District Ratlam (MP)-457001, Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 1.00 ha. (Expension from 3007 Cum per year to 20000 cum per year) (Khasra No. 273/17), Village - Rampuriya, Tehsil - Ratlam, Dist. Ratlam (MP)</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 273/17), Village - Rampuriya, Tehsil - Ratlam,

Dist. Ratlam (MP) 1.00 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री शब्बीर पकवाला (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार सुश्री रीना त्रिवेदी एवं श्री अमित सक्सेना, (ऑनलाईन) मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 1845 दिनांक 10/10/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में 02 अन्य खदान स्वीकृत/संचालित होने की जानकारी दी गई है, जिनका कुल रकबा 5.0 हे. से अधिक होता है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–1 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपलोडेड अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज को देखने पर समिति ने पाया कि ऑनलाईन अपलोडेड खदान की आकृति का मिलान अनुमोदित खनन् योजना (पेज क्रमांक–16) से नहीं हो रहा है । इसी प्रकार प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि प्रकरण क्षमता विस्तार का है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस प्रकरण में वर्ष 2017 में डिया से पर्यावरणीय अभिस्वीकृति (प्रकरण क्रमांक–45/2017 दिनांक 22/08/17) प्राप्त की गई थी । समिति ने पाया कि लगभग 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी परियोजना प्रस्तावक एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार उनके द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण हेतु किए गए प्रयासों से समिति को अवगत नहीं करा सके और न ही ऐसा कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत कर सके, जिससे यह ज्ञात हो सके कि विगत 05 वर्षो में उनके द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण हेतु कोई कदम उठाये गये हैं । परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपलोडेड अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज को देखने पर भी परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय संरक्षण हेतु किए गए प्रयासों के प्रमाण नहीं पाये गये । उपरोक्त परिदृश्य में समिति ने पाया कि परियोजना प्रस्तावक पूर्व की पर्यावरणीय अभिस्वीकृति में निर्दिष्ट शर्तो का पालन न कर क्षमता विस्तार हेतु प्रकरण प्रस्तुत कर रहे है, अतः समिति ने चर्चाकर निर्णय लिया कि परियोजना प्रस्तावक पहले अभी तक पर्यावरणीय संरक्षण हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी (पूर्व पर्यावरणीय अभिस्वीकृति की शर्तो के अनुसार) मय फोटोग्राफ एवं दस्तावेजों के साथ एवं खदान की खसरा मेप एवं अनुमोदित खनन् योजनानुसार आकृति एवं स्थिति की प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत करें, उसके पश्चात् टॉर हेतु विचार किया जाये एवं तब तक प्रकरण नस्तीबद्ध करने हेतु सिया को अग्रेषित किया जाये।

6. <u>Case No 9460/2022 Shri Ram Singh, Owner R/o Panchkuva Shankarpur, Makshi road, District Ujjain (MP)-456001, Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 1.40 ha. (10000 cum per year) (Khasra No. 159), Village - Gunaikhalsa, Tehsil - Ujjain, Dist. Ujjain (MP)</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 159), Village - Gunaikhalsa, Tehsil - Ujjain, Dist. Ujjain (MP) 1.40 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

612वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 15 दिसम्बर 2022

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री राम सिंह (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार सुश्री रीना त्रिवेदी एवं श्री अमित सक्सेना, (ऑनलाईन) मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 1921 दिनांक 02/11/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में 04 अन्य खदान स्वीकृत/संचालित होने की जानकारी दी गई है, जिनका कुल रकबा 5.0 हे. से अधिक होता है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–1 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान के उत्तर दिशा में 100 मीटर पर पक्का रोड़, पश्चिम दिशा में 30 मीटर पर कच्चा रोड़ तथा उत्तर–पश्चिम दिशा में 625 मीटर पर आबादी है, अतः इनकी सरंक्षण योजना ई.आई.ए. के साथ प्रस्तुत करे। प्रश्नाधीन खदान में कुछ पेड़ लगे दिख रहे है, अतः उसकी प्रजाति, ऊचाई एवं गर्थ फोटोग्राफ सहित ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के बिंदु क्रमांक 14 के सरल क्रमांक–14 पर दर्ज है । उपरोक्त विवरण के परिप्रेक्ष्य में समिति इस प्रकरण में ई.आई.ए. तैयार करने हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी स्टेण्डर्ड टॉर, एनेक्जर–डी में उल्लेखित मानक शर्तो व विशिष्ट शर्तो के साथ टी.ओ.आर. जारी करने की समिति अनुशंसा करती है :–

1. खदान के उत्तर दिशा में 100 मीटर पर पक्का रोड़, पश्चिम दिशा में 30 मीटर पर कच्चा रोड़ तथा उत्तर–पश्चिम दिशा में 625 मीटर पर आबादी है, अतः इनकी सरंक्षण योजना ई.आई.ए. के साथ प्रस्तुत करे।
2. प्रश्नाधीन खदान में कुछ पेड़ लगे दिख रहे है, अतः उसकी प्रजाति, ऊचाई एवं गर्थ फोटोग्राफ सहित ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये।
3. प्रस्तावित खदान के 2.5 किलोमीटर की परिधि में कार्यरत सभी खदानों का क्यूमिलेटिव इंपेक्ट असेसमेंट किया जाये तथा ई.आई.ए. रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया जाये।
4. ई.आई.ए. अध्ययन के दौरान क्षेत्र में 04 से 05 स्थानों (जिसमें से एक स्थान आवंटित खनन् क्षेत्र के बैरियर जोन में हो) पर 01 मीटर X 01 मीटर X 01 मीटर का ट्राईल पिट खोद कर उसके स्वाईल प्रोफाइल का अध्ययन कर वृक्षारोपण का स्थान निर्धारित किया जाये तथा उसका विवरण ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
5. यदि भू–जल का प्रतिछेदन प्रस्तावित हो तो लीज एरिया का हाइड्रो जियोलॉजीकल अध्ययन कर ई.आई.ए. रिपोर्ट में उल्लेख करें ।
6. रेनवॉटर हार्वेस्टिंग तथा रिवर रिजुविनेशन हेतु किसी विशेषज्ञ द्वारा एक्यूफर, परकोलेशन टेंक, रिर्चाज शॉफ्ट एवं सब सरफेस डायक का अध्ययन कर प्रतिवेदन ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
7. ओव्हर बर्डन एवं टॉपस्वाइल मैनेजमेंट प्लॉन, ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये ।
8. भूमि का वर्तमान लैंड यूज क्या है, के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का प्रतिवेदन तथा ऑल्टरनेट ग्रेजिंग लैण्ड मैनेजमेंट योजना ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।

7. Case No 9455/2022 M/s V.V.C.S.R.L Project Pvt. Ltd, Authorized Person Shri Brij Kishore Singh, A.B.Road, Raghavgarh, Dist. Guna, MP - 473226, Prior Environment Clearance for Murrum Quarry in an area of 2.0 ha. (5,000 Cum per annum) (Khasra No. 294/1), Village - Semra Angad, Tehsil - Sagar, Dist. Sagar (MP)

This is case of Murrum Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 294/1), Village - Semra Angad, Tehsil - Sagar, Dist. Sagar (MP) 2.0 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री ब्रिज किशोर सिंह अधिकृत प्रतिनिधि (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री राम विशाल शुक्ला, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 1365 दिनांक 20/09/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में कोई अन्य खदान स्वीकृत/संचालित नहीं होने की जानकारी नही दी गई है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार अनुसार खदान के पश्चिम दिशा में 835 मीटर तथा उत्तर दिशा में 850 मीटर पर आबादी, पूर्व दिशा में 145 मीटर पर पक्का रोड़ तथा दक्षिण दिशा में 65 मीटर पर कच्चा रोड़ है । एकल प्रमाण–पत्र में यह उल्लेखित है कि आवंटित खनन् क्षेत्र के 150 मीटर पर मंदिर तथा 100 मीटर की दूरी पर प्रधानमंत्री सड़क स्थित है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि मुरूम का खनन् होने के कारण ब्लास्टिंग नहीं की जावेगी । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि आवंटित खनन् क्षेत्र में 06 पेड़ है, जिन्हें काटा नहीं जायेगा तथा जो क्षेत्र पेड़ों से आच्छादित हैं, उसे नॉन माईनिंग जोन के रूप में छोड़ा गया है । समिति ने परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया कि छोड़े गये नॉन माईनिंग जोन में चारा एवं घॉस प्रजाति के वृक्ष लगाये जाये । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज क्रमांक–27 के सरल क्रमांक–9 पर दर्ज है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता मुरूम – 5,000 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 11.88 लाख एवं रिक्करिंग राशि रू. 03.40 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.50 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रु. में)
शासकीय माध्यमिक स्कूल सेमरा आंगड में रंगाई पुताई, फर्नीचर (20 लकडी की बेंच और 2 अलमारी)	50,000

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2400 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

क्रं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	सिस्सू, चिरोल, नीम, जंगल जलेबी, करंज, सीताफल, खमेर, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ	1000
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	कदम्ब, कचनार, चिरोल, नीम, पीपल, आम एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ ट्री गार्ड के साथ	100
3	ग्रामवासियों मे वितरण हेतु	आवंला, नीबू, बेल, आम, जामुन, कटहल, मुनगा, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ।	500
4	नॉन माइंनिग जोन	सिस्सू, चिरोल, नीम, जंगल जलेबी, करंज, आवंला, सीताफल, खमेर, बॉस एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ ट्री गार्ड के साथ	800
		कुल	**2400**

8. <u>Case No 9456/2022 Shri Abhishek Kumawat, Leasee, R/o Villag Chakrawada, Tehsil Ghattiya, District Ujjain (MP)-456001 Prior Environment Clearance for Murum Quarry in an area of 1.00 ha. (10000 cum per year) (Khasra No. 16/1, 97/1/1, 97/1/2), Village - Madhawgarh, Tehsil - Ghattiya, Dist. Ujjain (MP)</u>

This is case of Murum Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 16/1, 97/1/1, 97/1/2), Village - Madhawgarh, Tehsil - Ghattiya, Dist. Ujjain (MP) 1.00 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री अभिषेक कुमावत (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार सुश्री रीना त्रिवेदी एवं श्री अमित सक्सेना, (ऑनलाईन) मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 1577 दिनांक 14/09/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में कोई अन्य खदान स्वीकृत/संचालित नहीं होने की जानकारी नही दी गई है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार अनुसार आंवटित खनन् क्षेत्र में लगभग 07 पेड़ लगे हैं तथा प्रस्तुतीकरण में पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र की जो इमेज ऑनलाईन अपलोड की गई तथा जो प्रस्तुतीकरण में दिखाई जा रही है, उसमें अंतर हैं। अतः परियोजना प्रस्तावक इस संबंध में सही स्थिति की जानकारी प्रमाणित दस्तावेजों सहित तथा

आवंटित खनन् क्षेत्र में लगे पेड़ों की इंवेंट्री (उसकी प्रजाति, ऊचाई एवं गर्थ फोटोग्राफ सहित) आगामी 15 दिवस में प्रस्तुत करें ।

9. <u>Case No 9457/2022 Shri Sonu Rajak S/o Shri Rambabu Rajak R/o Ward No. 8, Chhipeti Mohalla, Tehsil Bhander, District Datia (MP)-475661, Prior Environment Clearance for Murum Quarry in an area of 2.00 ha. (19,992 cum per year) (Khasra No. 273), Village - Tatarpur, Tehsil - Bhander, Dist. Datia (MP)</u>

This is case of Murum Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 273), Village - Tatarpur, Tehsil - Bhander, Dist. Datia (MP) 2.00 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री सोनू रजक (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री सचित कुमार, मेसर्स कांग्नीजेंस रिसर्च इंडिया प्रा.लि., नोएडा, उ.प्र. उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 267 दिनांक 21/09/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में 01 अन्य खदान स्वीकृत/संचालित होने की जानकारी दी गई है, इस खदान को मिलाकर कुल रकबा 05.00 हे. होता है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान पहाड़ पर आवंटित है, जिसके उत्तर दिशा में 400 मीटर पर नहर, पश्चिम एवं दक्षिण दिशा में 10 मीटर पर कच्चा रोड़ हैं । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि खदान के पश्चिम दिशा में कुछ भाग खुदा हुआ है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उनको खदान दिनांक 09/05/22 को इसी स्थिति में आवंटित हुई है तथा यह खनन् कार्य उनके द्वारा नहीं किया गया है। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि मुरूम का खनन् होने के कारण ब्लास्टिंग नहीं की जावेगी । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज क्रमांक–58 के सरल क्रमांक–2 पर दर्ज है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता मुरूम – 19,992 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 08.22 लाख एवं रिक्करिंग राशि रू. 01.16 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.50 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रु.में)

शासकीय प्राथमिक स्कूल में मरम्मत और पुताई का कार्य किया जायेगाए यह कार्य भू प्रवेश मिलने के पश्चात 1 साल के अंदर यह कार्य किया जायेगा।	**50,000**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2400 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	चिरोल , नीम , जंगल जलेबी , सीताफल, खमेर एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	600
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	करंज, कदम , चिरोल, जंगल जलेबी , एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	300
3	ग्रामवासियों में वितरण हेतु	सीताफल, आवलाँ,अमरुद, ग्राफ्टिंग मुनगा, पपीता ,निम्बू, आम एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	1500
		कुल	2400

10. <u>Case No 9458/2022 Shri Kothuru Durga Rao, Authorized Singnatory, R/o Mohan Takies Road, District Katni (MP)-483501, Prior Environment Clearance for Dolomite Quarry in an area of 5.963 ha. (104498 TPA) (Khasra No. 44/1, 65/1ka, 65/3kha), Village - Paraikap, Tehsil - Barwara, Dist. katni (MP)</u>

This is case of Dolomite Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 44/1, 651ka, 65/3kha), Village - Paraikap, Tehsil - Barwara, Dist. katni (MP) 5.963 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री कोठरू दुर्गा राव (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ.प्र. उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि खदान का कुल रकबा 5.0 हे. से अधिक होता है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–1 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान के पश्चिम दिशा में 12 मीटर पर कच्चा रोड़, उत्तर–पूर्व दिशा में 950 मीटर पर तालाब हैं तथा एकल प्रमाण–पत्र अनुसार उत्तर–पश्चिम सीमा से 450 मीटर की दूरी पर नाला है, अतः इनकी सरंक्षण योजना ई.आई.ए. के साथ प्रस्तुत करे। प्रश्नाधीन खदान में कुछ पेड़ लगे दिख रहे है, अतः उसकी प्रजाति, ऊचाई एवं गर्थ फोटोग्राफ सहित ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये। प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने

पाया कि पी–2 खसरा ऑनलाईन अपलोड नहीं है, अतः ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें । प्रकरण के प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आवेदन मात्रा 104498 टन/वर्ष हेतु किया गया है जबकि अनुमोदित खनन् योजना मात्रा 100669 टन/वर्ष हेतु है, अतः इस संबंध में ई.आई. रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट की जाये । कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी के पत्र क्रमांक 1269 दिनांक 17/05/22 के द्वारा सूचित किया गया कि कटनी जिले डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डी.एस.आर.) वर्ष 2016–17 में तैयार की गई थी विषयांकित उत्खनिपट्टा डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डी.एस.आर.) में सम्मिलित है । समिति ने अनुशंसा की कि ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ अनुमोदित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमें इस खदान का विवरण दर्ज हो । उपरोक्त विवरण के परिप्रेक्ष्य में समिति इस प्रकरण में ई.आई.ए. तैयार करने हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी स्टेण्डर्ड टॉर, एनेक्जर–डी में उल्लेखित मानक शर्तो व विशिष्ट शर्तो के साथ टी.ओ.आर. जारी करने की समिति अनुशंसा करती है :–

1. खदान के पश्चिम दिशा में 12 मीटर पर कच्चा रोड़, उत्तर–पूर्व दिशा में 950 मीटर पर तालाब हैं तथा एकल प्रमाण–पत्र अनुसार उत्तर–पश्चिम सीमा से 450 मीटर की दूरी पर नाला है, अतः इनकी सरंक्षण योजना ई.आई.ए. के साथ प्रस्तुत करे।
2. आवेदन मात्रा 104498 टन/वर्ष हेतु किया गया है जबकि अनुमोदित खनन् योजना मात्रा 100669 टन/वर्ष हेतु है, अतः इस संबंध में ई.आई. रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट की जाये ।
3. प्रश्नाधीन खदान में कुछ पेड़ लगे दिख रहे है, अतः उसकी प्रजाति, ऊचाई एवं गर्थ फोटोग्राफ सहित ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये।
4. प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने पाया कि पी–2 खसरा ऑनलाईन अपलोड नहीं है, अतः ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
5. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी के पत्र क्रमांक 1269 दिनांक 17/05/22 के द्वारा सूचित किया गया कि कटनी जिले डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डी.एस.आर.) वर्ष 2016–17 में तैयार की गई थी विषयांकित उत्खनिपट्टा डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डी.एस.आर.) में सम्मिलित है ।
6. प्रस्तावित खदान के 2.5 किलोमीटर की परिधि में कार्यरत सभी खदानों का क्यूमिलेटिव इंपेक्ट असेसमेंट किया जाये तथा ई.आई.ए. रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया जाये।
7. ई.आई.ए. अध्ययन के दौरान क्षेत्र में 04 से 05 स्थानों (जिसमें से एक स्थान आवंटित खनन् क्षेत्र के बैरियर जोन में हो) पर 01 मीटर X 01 मीटर X 01 मीटर का ट्राईल पिट खोद कर उसके स्वाईल प्रोफाइल का अध्ययन कर वृक्षारोपण का स्थान निर्धारित किया जाये तथा उसका विवरण ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
8. यदि भू–जल का प्रतिछेदन प्रस्तावित हो तो लीज एरिया का हाइड्रो जियोलॉजीकल अध्ययन कर ई.आई.ए. रिपोर्ट में उल्लेख करें ।
9. रेनवॉटर हार्वेस्टिंग तथा रिवर रिजुविनेशन हेतु किसी विशेषज्ञ द्वारा एक्यूफर, परकोलेशन टेंक, रिर्चाज शॉफ्ट एवं सब सरफेस डायक का अध्ययन कर प्रतिवेदन ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
10. चूँकि आंवटित स्थल पहाड़ पर स्थित है, अतः खनिज परिवहन मार्ग तथा सरफेस रनऑफ मैनेजमेंट प्लांन ई,आई.ए. के साथ प्रस्तुत करें ।
11. ओव्हर बर्डन एवं टॉपस्वाइल मैनेजमेंट प्लॉन, ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जाये ।

12. भूमि का वर्तमान लैंड यूज क्या है, के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का प्रतिवेदन तथा ऑल्टरनेट ग्रेजिंग लैण्ड मैनेजमेंट योजना ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें ।
13. परियोजना प्रस्तावक अपनी वेबसाइट बनाये, जिसमें ई.सी. प्राप्ति के पश्चात् पर्यावरणीय प्रबधंन योजना तथा वृक्षारोपण इत्यादि के संदर्भ में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन उसमें अपलोड करेंगा। परियोजना प्रस्तावक वेबसाइट बनाये जाने संबंधी जानकारी ई.आई.ए. रिपोर्ट साथ प्रस्तुत करें ।

11. <u>Case No 9459/2022 M/s Pranavi Enterprises, Prop. Shri Pranya Kumar Singh R/o 354, 3rd Floor, Lekhraj Khajana, Indira Nagar, Lucknow (UP)-226016, Prior Environment Clearance for Pyrophyllite and Diaspore Mine in an area of 3.00 ha. (39330 TPA) (Khasra No. 79/2), Village - Kakaoni, Tehsil - Prithvipur, Dist. Niwari (MP)</u>

This is case of Pyrophyllite and Diaspore Mine. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 79/2), Village - Kakaoni, Tehsil - Prithvipur, Dist. Niwari (MP) 3.00 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

आज दिनांक 15/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री प्रणय कुमार सिंह एवं श्री मधुर सिंह एवं पर्यावरणीय सलाहकार सुश्री रीना त्रिवेदी एवं श्री अमित सक्सेना, (ऑनलाईन) मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर उपस्थित हुए । प्रकरण में परीक्षण में पाय गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 921 दिनांक 30/03/2022 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में कोई अन्य खदान स्वीकृत/संचालित नही होने की जानकारी दी गई है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है। अनुमोदित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज क्रमांक–51 के सरल क्रमांक–126 पर इस खदान का विवरण दर्ज है ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान पाया गया कि :–

- ✓ ऑनलाईन अपलोडेड गूगल इमेज नहीं लोड हो रही है, अतः आवंटित खनन् क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चलता है । प्रस्तुतीकरण के दौरान परियेाजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत की गई गूगल इमेज अनुसार खदान के पूर्वी दिशा में आबादी है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह अवैध कब्जा है । इसी प्रकार तहसीलदार के पत्र दिनांक 02/05/17 के अनुसार भी आवेदित क्षेत्र से मानव बसाहट एवं स्कूल प्राथमिक शाला लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। समिति चर्चा उपरांत अनुशंसा की कि परियोजना प्रस्तावक आबादी के संरक्षण हेतु योजना, कितने मकान हैं एवं आर एण्ड आर प्रस्तावित है तो उसकी योजना प्रस्तुत करें ।

- ✓ ऑनलाईन अपलोडेड खनन् योजना अनुसार खनन् के दौरान ब्लास्टिंग प्रस्तावित की गई है जबकि परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि पूर्व दिशा में स्थित आबादी के कारण खनन् कार्य ब्लास्टिंग के स्थान पर रॉक ब्रेकर के माध्यम से करेंगे, अतः इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक शपथ–पत्र प्रस्तुत करें ।
- ✓ फार्म–2 के सरल क्रमांक–38 (a)Have you hired Consultant for preparing document में No एवं क्रमांक–38 (i)Reason for not Hiring the Consultant में It is draft stage but will be appointed before submitting of final copy. उल्लेख है, अतः सही स्थिति स्पष्ट की जाये।
